शनिवार

06 जनवरी 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




खाने-पीने के दौरान विवाद में छात्र की हत्या, पांच दोस्त गिरफ्तार

2



### लोकसभा चुनाव: सीट शेयरिंग को लेकर घमासान

# जदयू बोली... 16 सीट से कम का सवाल ही नहीं

- जदयू की दो टूक- सीट के लिए कांग्रेस राजद से करे बात
- सीट शेयरिंग पर जेडीयू की बात सिर्फ राजद से होगी

**केटी न्यूज/पटना**

इसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर बिहार के महागठबंधन में अभी से ही घमासान होने लगा है। लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर जेडीयू ने अपना स्टैंड क्लीयर कर दिया है। जेडीयू ने साफ कहा है कि हमारे 16 सीटिंग सांसद हैं, इससे कम सीट मंजूर नहीं बल्कि इससे ज्यादा सीटें चाहिए। जेडीयू ने ये भी क्लीयर किया है कि कांग्रेस और लेफ्ट पार्टी अपनी सीटों को लेकर राजद से बात करे। सीट शेयरिंग पर जेडीयू की बात सिर्फ राजद से होगी। बिहार सरकार के मंत्री और सीएम नीतीश कुमार के करीबी संजय झा ने शुक्रवार को पटना में मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर हमारी बातचीत सिर्फ राजद से होगी। कांग्रेस या लेफ्ट पार्टियों को अगर सीट शेयरिंग पर बात करनी है तो वे राजद से बात करें। जब उनकी बातचीत फाइनल हो जायेगी तो हमारी बातचीत राजद से होगी। उन्होंने कहा कि जब राजद से बात होगी तो सीट को लेकर जेडीयू की दावेदारी की चर्चा होगी। फिलहाल बात नहीं हुई है।

संजय झा ने कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग में लगातार देर हो रही है। नीतीश कुमार ने जब विपक्षी एकता की नींव रखी थी, तभी से वे कह रहे हैं कि जल्द से जल्द सीट शेयरिंग कर लिया जाये। संजय झा ने कहा कि नीतीश कुमार ने तो कहा था कि अक्टूबर 2023 से पहले सीट शेयरिंग कर लिया जाये और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन से विपक्षी पार्टियों का साझा अभियान शुरू हो जाये, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। कहा कि 19 दिसंबर को हुई इंडिया गठबंधन की पिछली बैठक में भी नीतीश कुमार ने कहा था कि जनवरी तक सीट शेयरिंग फाइनल कर लिया जाये और उसके बाद चुनाव अभियान शुरू कर दिया जाये, लेकिन अब तक बातचीत आगे नहीं बढ़ी है। संजय झा ने नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन के संयोजक बनने की खबरों को भी गलत बताया। उन्होंने कहा कि जेडीयू और नीतीश कुमार शुरू से ही साफ-साफ कहते रहे हैं कि उन्हें किसी पद की इच्छा नहीं है। वे चाहते हैं कि विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करें।



#### नीतीश कुमार के खिलाफ हो रही साजिश: चौधरी

**जमुई।** बिहार सरकार के मंत्री और जदयू के सीनियर लीडर अशोक चौधरी ने जमुई में कहा है कि सीएम नीतीश कुमार को लेकर कोई साजिश हो रही है। नीतीश कुमार बार-बार कह चुके हैं कि वो न तो कन्वेनर के उम्मीदवार हैं और न ही प्रधानमंत्री पद के, वो किसी पद के उम्मीदवार नही हैं। वे सिर्फ ये चाहते हैं कि मिलजुलकर लोकसभा चुनाव लड़ा जाए। इसके अलावा उनकी कोई इच्छा नहीं है। अशोक चौधरी ने कहा कि समझ में नहीं आता है कि बार-बार यही मुद्दा क्यों उठाया जा रहा है। यह तो पोलिटिकल एजेंडा की तरह उठाया जा रहा है कि नीतीश जी की उम्मीदवारी बनी रहे और जब नीतीश जी नही बनेंगे तो उन्हें ले डाउन किया जाए। हर बच्चे से जब बार-बार पूछियेगा कि वो कब आईएएस बन रहा है तो पड़ोस के लोग भी जान जाते हैं कि वह आईएएस बनने की तैयारी कर रहा है। जब वह आईएएस नहीं बनता तो लोग बोलते हैं कि देखिए न वह आईएएस की तैयारी कर रहा था नहीं बना।

**नीतीश कुमार इतिहास पुरूष:** उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपनी कार्यप्रणाली से बिहार को बदलने का काम किया है। बहुत सी ऐसी योजनाएं है जिसे केंद्र सरकार ने भी आत्मसात किया है। नीतीश कुमार इतिहास पुरूष हैं, उनके व्यक्तित्व गिराने के लिए कोई साजिश कर रहा है। अशोक चौधरी ने नीतीश कुमार के बारे में कहा कि टाइगर अभी जिंदा है।

# निरहुआ को बेस्ट एक्टर और आम्रपाली को बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड

- भोजपुरी सिने अवार्ड 2024 में दिखा माई प्राइड ऑफ भोजपुरी' का जलवा
- राहुल शर्मा को बेस्ट डेब्यू एक्टर और विक्रांत सिंह को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड , लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजे गये कुणाल सिंह

**केटी न्यूज/अयोध्या**



#### भोजपुरी सिने अवार्ड 2024

बेस्ट फिल्म : माई प्राइड ऑफ भोजपुरी
बेस्ट एक्टर : दिनेशलाल यादव निरहुआ
बेस्ट डायरेक्टर : रजनीश मिश्रा
बेस्ट म्यूजिक : रजनीश मिश्रा
बेस्ट कोरियोग्राफर : कानू मुखर्जी
बेस्ट सिंगर फीमेल : प्रियंका सिंह
बेस्ट एक्शन : दिलीप यादव
बेस्ट गीतकार : प्यारेलाल यादव कवि जी
बेस्ट लाइन प्रोड्यूसर : जनार्दन पांडेय

भोजपुरी सिने अवार्ड 2024 में दिनेश लाल यादव निरहुआ अभिनीत और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट निशांत उज्ज्वल निर्मित फिल्म 'माई प्राइड ऑफ भोजपुरी' का जलवा खूब देखने को मिला है। इस फिल्म को भोजपुरी सिने अवार्ड 2024 में सर्वश्रेठ फिल्म चुना गया, जबकि इस फिल्म के लिए सुपर स्टार दिनेशलाल यादव निरहुआ को बेस्ट एक्टर का अवार्ड दिया गया। श्रीराम की नगरी अयोध्या में आयोजित अयोध्या महोत्सव के दौरान पत्रिका सरस सलिल द्वारा आयोजित भोजपुरी सिने अवार्ड 2024 का रंगारंग आयोजन किया गया, जिसमें फिल्म 'माई प्राइड ऑफ भोजपुरी' के लिए बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर रजनीश मिश्रा, बेस्ट फिल्म 'माई प्राइड ऑफ भोजपुरी' के लिए निशांत उज्जवल, ज्योति देश पांडेय और आल टाइम बेस्ट सक्सेसफुल पी आर ओ का अवार्ड रंजन सिन्हा के साथ बेस्ट म्यूजिक का अवार्ड अभय सिन्हा की कंपनी यशी फिल्म्स को चुना गया। वहीं, बेस्ट एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे रहीं, जिन्हें फिल्म 'दाग एगो लांछन' के लिए इस अवार्ड से नवाजा गया। बेस्ट डिस्ट्रीब्युटर का अवार्ड भी निशांत उज्जवल को मिला। दरअसल, अवार्ड में निशांत उज्ज्वल की माई प्राइड ऑफ भोजपुरी, दाग एगो लांछन और विवाह 3 छाई रही, जिसे कुल 18 अवार्ड मिले।

इससे पहले सरस सलिल अवार्ड 2024 का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान अयोध्या महोत्सव मंच के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव, दिल्ली प्रेस के भानु प्रकाश राणा और बृहस्पति कुमार पांडेय मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर बॉलीवुड से भोजपुरी में डेब्यू करने वाले राहुल शर्मा को बेस्ट डेब्यू एक्टर और विक्रांत सिंह को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिला, जबकि लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से कुणाल सिंह नवाजे गये। वहीं बायोपिक कैटगरी में सिंह साहब द राइजिंग को 11 अवार्ड मिला।

# पटना हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, बढ़ाई गई सिक्योरिटी

**केटी न्यूज/पटना**



पटना हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। किसी आतंकी संगठन से धमकी भरा मेल मिलने के बाद एटीएस शनिवार को पटना हाई कोर्ट पहुंची। अदालत परिसर के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है। बम और डॉग स्क्वॉयड को भी मौके पर बुलाया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और छानबीन कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक देश भर की अदालतों को एक आतंकी संगठन ने बम से उड़ाने की धमकी दी है। पटना हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के पास भी धमकी भरा मेल आया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। आतंकी हमले की आशंका पर प्रशासन पूरी तरह एक्टिव हो गया। शनिवार दोपहर बाद एटीएस की टीम भी पटना हाई कोर्ट पहुंच गई और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई।

खबर लिखे जाने तक एटीएस की टीम जांच में जुटी है। तलाशी में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बम निरोधक दस्ते ने पूरे हाई कोर्ट परिसर की छानबीन की है। जांच एजेंसी मेल भेजने वाले का भी पता लगाने में जुटी है। बम की धमकी मिलने के बाद पटना हाईकोर्ट के आसपास के इलाकों में भी तलाशी अभियान चलाया गया। पटना पुलिस बेली रोड और अन्य इलाकों में छानबीन की गई।

# सीएम नीतीश कुमार का निर्देश... पंचायत सरकार भवनों की छतों पर जरूर लगवाएं सोलर प्लेट

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पंचायती राज विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है उनका निर्माण कार्य जल्द शुरू करें। जिन पंचायत सरकार भवनों के लिए अभी भूमि चिह्नित नहीं की गई है वहां जल्द-से-जल्द भूमि चिह्नित करें। बचे हुए पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि पंचायतों को इज्जत और प्रतिष्ठा देने के लिए हमने इसका नामकरण पंचायत सरकार भवन किया। पंचायत सरकार भवन में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ताकि एक ही जगह पर उस पंचायत के लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन की छत पर सोलर प्लेट जरूर लगवाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब राज्य होते हुए भी हमलोगों ने पंचायतों के लिए जितना काम किया है उतना देश में कहीं नहीं हुआ है। गांवों को विकसित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। सात निश्चय योजना 2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की शुरूआत की गई है, इसके तहत पंचायत के सभी वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तेजी से पूर्ण करें। सोलर स्ट्रीट लाइट लगने से रात में रौशनी की काफी सुविधा होगी और बिजली की भी बचत होगी। गांव के रास्ते और महत्वपूर्ण स्थान सोलर लाइट से रौशन होंगे और इससे गांव की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ-साथ उसके रखरखाव एवं सतत निगरानी की बेहतर व्यवस्था करें।

# तेजस्वी को मंदिर से परहेज तो क्यों गए थे बालाजी: नित्यानंद

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की तरफ से राम मंदिर को लेकर की गई तल्ख टिप्पणी पर बड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि- तेजस्वी हिंदुओं की आस्था पर प्रहार कर रहे हैं। अगर ऐसी बात थी तो वो तिरुपति बालाजी क्यों गए थे। सही बात यह है कि तेजस्वी मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं। नित्यानंद राय ने कहा कि- राम तो राम हैं और यह सबके हैं। लेकिन ये लोग तुष्टिकरण की नीति की तहत ऐसा कह रहे हैं। इसी तरह की नीति आजादी की लड़ाई के समय देखने को मिली थी। जिसका परिणाम यह हुआ कि देश का बंटवारा हो गया था। राम देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं। तेजस्वी की बुद्धि भ्रष्ट हो गई है और अपने वोट और परिवार को खुश करने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं।

वहीं, नित्यानंद राय ने पटना में एसआई आत्महत्या मामले में राज्य सरकार पर निशाना साधा। कहा कि पुलिस अपनी नाकामी छुपाने के लिए केस पर पर्दा डाल रही है। इनलोगों से कुछ भी नहीं संभल रहा है। ये हर मोर्चे पर फेल हो गए हैं। इनलोगों को जल्द बिहार की जनता जवाब देगी।

# छात्राओं का आरोप... टीचर गलत तरीके से छूते हैं, विरोध किया तो प्रिंसिपल ने कर दिया सस्पेंड

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के बीएन कॉलेजिएट में पढ़ने वाली नौवीं की छात्राओं ने शिक्षक राजेश कुमार पर छेड़खानी और मारपीट का आरोप लगाया है। छात्राओं का कहना है कि शिक्षक किसी ना किसी बहाने बॉडी को गलत तरीके से टच करते हैं। इसकी शिकायत प्रिंसिपल से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी। वहीं, जानकारी मिलने पर गुरुवार को गुस्साए परिजन स्कूल पहुंचे। इस दौरान टीचर ने बाहरी लड़कों को बुला लिया और परिजनों के साथ मारपीट करने लगे। वहीं, पीड़ित छात्राओं को ही 10 दिनों के लिए स्कूल से सस्पेंड कर दिया गया। स्कूल प्रशासन के इस कदम के बाद छात्राओं और कुछ छात्रों ने मिलकर डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई। छात्राओं की शिकायत पर इस मामले में डीएम ने जांच टीम का गठन कर दिया है।

#### टीचर बोलते हैं हमको टाइम दो

पीड़ित छात्रा ने बताया कि टीचर राजेश समझाने के बहाने क्लास में ले गए। फिर पकड़कर हग करने लगे। उन्होंने कहा कि हमको टाइम दो, गंदी-गंदी हरकत करते थे। आई लव यू बोलते थे। साथ में घूमने के लिए कहते थे। हमलोग उनके खिलाफ खड़े हुए तो वो प्रिंसिपल मैम से मिलकर 5 लड़कियों को 10 दिनों के लिए सस्पेंड करवा दिए।

**तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित:** पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने मामले पर संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। डीएम ने कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है। शिक्षक के खिलाफ जो आरोप लगाए गए हैं वो काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि मामले में जो भी दोषी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जांच कमेटी में तीन महिला पदाधिकारी अभिलाषा सिन्हा, आभा प्रसाद और पूनम कुमारी को रखा गया है।






### 60 हजार से अधिक पदों के लिए 18 फरवरी को एक्जाम, 31 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी दे सकेंगे परीक्षा

# आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती के लिए तैयारी में जुटी यूपी सरकार

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

फरवरी में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के लिए योगी सरकार पुख्ता तैयारियों में जुट गई है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों के साथ उनकी क्षमता के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्ताव के तहत सरकार करीब 6.5 हजार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन कर सकती है। इन परीक्षा केंद्रों की कुल क्षमता 31.75 लाख से भी ज्यादा होगी। परीक्षा केंद्रों का चयन आधारभूत मानकों पर किया जाएगा। साथ ही परीक्षा भवन संबंधी मानकों पर खरे उतरने वाले केंद्रों को ही अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने हाल ही में 60 हजार से अधिक पदों के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 का नोटिफिकेशन जारी किया है। 18 फरवरी को परीक्षा प्रस्तावित है।



**जोन और कमिश्नरेट में परीक्षा केंद्रों का प्रस्ताव:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया में कुल 6484 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 31.75 लाख से अधिक है। जोन में 4844 तो कमिश्नरेट में 1640 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। जोन की बात करें तो सर्वाधिक 832 परीक्षा केंद्र लखनऊ में होंगे, जिनकी कुल क्षमता 4 लाख से ज्यादा है। बरेली में 741 परीक्षा केंद्र (कुल क्षमता 3.43 लाख से अधिक), गोरखपुर में 699 (कुल क्षमता 3.49 लाख से अधिक), वाराणसी में 647 (कुल क्षमता 3.47 लाख से अधिक), आगरा में 540 (कुल क्षमता2.61 लाख से अधिक), कानपुर नगर में 527 (कुल क्षमता 2.31 लाख से अधिक),मेरठ में 464 (कुल क्षमता 2.39 लाख से अधिक) और प्रयागराज में 394 (कुल क्षमता 1.94 लाख से अधिक) परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं। वहीं कमिश्नरेट में सर्वाधिक 488 परीक्षा केंद्र प्रयागराज में प्रस्तावित हैं जिनकी कुल क्षमता 2.25 लाख से अधिक है।

#### आधारभूत मानकों पर खरा उतरने वाले केंद्रों को ही मिलेगी मान्यता

सभी परीक्षा केंद्रों को आधारभूत मानकों पर खरा उतरने के बाद ही हरी झंडी दी जाएगी। इसमें परीक्षा केंद्र का प्रकार यानी केंद्र शासकीय है या शासकीय सहायता प्राप्त है या फिर निजी के आधार पर वगीकृत किया जाएगा। वहीं केंद्र का पिछला प्रदर्शन भी देखा जाएगा, जिसमें पूर्व में आयोजित परीक्षाओं में यदि कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आया होगा या फिर विद्यालय संदेहास्पद होगा तो ऐसे संस्थानों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त इन केंद्रों में विगत 3 वर्षों में विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित परीक्षाओं का विवरण भी देखा जाएगा। वहीं बोर्ड द्वारा परीक्षा भवन संबंधी मानक भी तय किए गए हैं। इनमें परीक्षार्थियों के बैठने की क्षमता एवं कक्षों की संख्या के साथ परीक्षा केंद्रों में बाउंड्रीवाल एवं गेट अनिवार्य है। परीक्षा हॉल, मेन गेट समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे से युक्त एक अलग कक्ष अनिवार्य है।

# स्वास्थ्य केंद्रों में देर से आनेवाले कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई: डीएम

- औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक
- सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर कर्मचारियों की नियुक्ति से जुड़े रोस्टर निर्धारण का कार्य पूरा करने का निर्देश

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें डीएम ने उपस्थित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित जिले के सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं डेवलपमेंट पार्टनर प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दिए। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ-साथ बैठक में मिशन बुनियाद के संबंध में प्रमुखता से चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य उप केन्द्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री सह बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 26 नवंबर 2023 को एक कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसे मिशन बुनियाद का नाम दिया गया है।

बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा पत्र जारी कर मिशन बुनियाद की सफलता हेतु विभिन्न निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में यह आदेशित है कि सभी स्वास्थ्य उप केंद्र एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूर्वाहन 9 बजे से अपराह्न 5 बजे तक क्रियाशील होंगे। सभी सीएचओ दो हेल्थ वेलनेस सेंटर पर तीन-तीन दिन कार्य करेंगे। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर एक एएनएम ड्यूटी में तथा एक एएनएम क्षेत्र में टीकाकरण इत्यादि का कार्य करेंगे। इस क्रम में सभी स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर मानव संसाधन की औचित्यपूर्ण नियुक्ति हेतु रोस्टर निर्धारण का कार्य एक सप्ताह के अंदर करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर के लोकेशन को प्रदर्शित करने के लिए पहुंच पथ पर साइन बोर्ड लगाने के लिए निर्देश भी दिया गया।

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति का अनुश्रवण अब व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो शेयर करने के आधार पर किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी स्वास्थ्य प्रबंधक व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त फोटो के आधार पर प्रतिदिन साढ़े नौ बजे तक यह समीक्षा करेंगे कि किस संस्थान में कर्मियों की उपस्थिति उक्त समय तक सुनिश्चित नहीं हो सकी है। इस आधार पर विलंब से आने वाले एवं लगातार लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कारवाई करने का निर्देश सभी स्वास्थ्य प्रबंधकों एवं संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया गया है। सीएचओ द्वारा प्रतिमाह एएनएम की अनुपस्थिति विवरण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अग्रसारित की जाएगी।

## चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव की घटना, पटना ले जाने के दौरान मौत

# खाने-पीने के दौरान विवाद में छात्र की गोली मारकर हत्या, पांच दोस्त गिरफ्तार

- फोन कर घर से बुलाने के बाद दोस्तों द्वारा वारदात को दिया गया अंजाम
- आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल पिस्टल, देसी कट्टा बरामद

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में गुरुवार की रात इंटर के एक छात्र की गोली मार हत्या कर दी गयी। खाने-पीने के दौरान आपसी झगड़े में दोस्तों द्वारा ही उसे गोली मार दी गयी थी। गोली उसके पेट में लगी थी। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसकी रास्ते में मौत हो गयी। मृत छात्र भदवर गांव निवासी दिनेश राय का 18 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार था। उसके पिता दिनेश राय रेलवे में की-मैन हैं और फिलहाल जमीरा हाल्ट पर कार्यरत हैं। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। छात्र के परिजनों की ओर से गांव के सात दोस्तों पर उसे फोन कर घर से बुलाने के बाद हत्या करने आरोप लगाया जा रहा है। इधर, पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और चार मोबाइल बरामद किया गया है।

गिरफ्तार आरोपितों में भदवर गांव निवासी मनीष कुमार, ओम प्रकाश कुमार उर्फ प्रियांशु, निखिल कुमार, संजय कुमार उर्फ टीलू व जयजनम राय शामिल हैं। हालांकि दो आरोपित अभी फरार चल रहे हैं। उनमें चंदन कुमार और साहेब शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी को पुलिस छापेमारी कर रही है। एएसपी चंद्र प्रकाश ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुरुवार की शाम सभी भदवर गांव में बागीचे में खाना-पीना कर रहे थे। उसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया। उसे लेकर एक लड़के द्वारा गोली चला दी गई, जो संतोष को लग गयी। बाद में इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मामले की छानबीन और आरोपितों की गिरफ्तारी को टीम गठित कर छापेमारी की गयी। उस क्रम में थानाध्यक्ष सौरभ कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानदेही पर एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। घटना के कारणों के बारे में पूछताछ की जा रही है। फरार चल रहे दो आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में एएसआई रत्नेश तिवारी सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### पिस्टल लेकर आये चंदन का संतोष से हुआ था विवाद

पार्टी के दौरान संतोष कुमार का चंदन के साथ विवाद हुआ था। उसके बाद चंदन द्वारा उसे गोली मार दी गयी थी। चंदन ही पिस्टल लेकर पार्टी में आया था। एएसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि अबतक की जांच में पता चला है कि खाने-पीने के दौरान चंदन और संतोष के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसके बाद चंदन द्वारा गोली चला दी गई है। हालांकि विवाद का कारण अबतक पता नहीं चल सका है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर घटना के बारे में जानकारी ली जा रही है। हालांकि चंदन की गिरफ्तारी के बाद पूरा मामला क्लीयर हो सकता है।उन्होंने बताया कि अबतक की जांच के चंदन ही पिस्टल लेकर आया था। उसी पिस्टल से गोली मारी गयी थी। मामले की तफ्तीश की जा रही है।

### दोस्तों के फोन करने पर घर से निकला था संतोष

छात्र के मौसेरे भाई सुदामा ने बताया कि संतोष खाने के बाद घर से दोस्तों द्वारा बुलाने की बात कह शाम करीब साढ़े आठ बजे निकला था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। तब खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। रात करीब बारह बजे उसके दोस्त ने उसकी मां के मोबाइल पर फोन कर सूचना दिया कि संतोष को गोली लग गई है और उसे पटना लेकर जा रहे हैं। उसके बाद उसकी मां आयी और उसे पटना ले जाया जा रहा था। तभी पटना मीठापुर के समीप उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में संतोष के पिता दिनेश राय के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

**गोली लगने के बाद अस्पतालों का चक्कर लगाते रहे दोस्तः** बताया जा रहा है कि गोली लगने के बाद संतोष के दोस्त इलाज के लिए आरा में काफी देर तक अस्पतालों का चक्कर लगाते रहे। इस बीच उसकी हालत खराब हो गयी और पटना ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गयी। रात करीब 11 बजे उसके दोस्तों द्वारा गोली लगने और उसे पटना ले जाने की जानकारी दी गई। इससे पहले उसके दोस्तों द्वारा इलाज के लिए आरा के कई अस्पतालों में भी ले जाया गया था। थानाध्यक्ष की ओर से भी इस बात की पुष्टि की गयी है। थानाध्यक्ष के अनुसार गोली लगने के बाद उसके दोस्तों द्वारा पहले अपने स्तर से सदर सहित अन्य हॉस्पिटल में ले जाया गया था। उसके बाद उसे देर रात गांव पहुंचा दिया गया।

## खबरें फटाफट

### खलिहान में लगी आग, लाखों का धान जलकर राख

**जहानाबाद।** शकूराबाद थाना क्षेत्र के सलालपुर गांव में शैलेश प्रसाद नामक किसान के खलिहान में गुरुवार की रात अचानक आग लग गई। जिसमें तीन बीघा का धान का लगा हुआ पुंज जलकर खाक हो गया। किसान ने बताया कि खलिहान से अचानक आग की लपटें निकलने लगी तभी आसपास के लोगों ने इसे देखा और किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। किसान ने बताया कि लगभग एक लाख रुपए का धान जलकर नष्ट हो गया है।

### मुर्गा दुकान में हजारों की संपत्ति की चोरी

**जहानाबाद।** काको थाना क्षेत्र के दक्षिणी बाजार में एक मुर्गा के दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 10000 नगद समेत 35000 का सामान की चोरी कर ली। दुकानदार विकास कुमार ने बताया कि मैं कल शाम दुकान को बंद कर अपने घर चला गया था शुक्रवार को जब दुकान खोलने गया तो देखा दुकान का ताला टूटा है और गला में रखा 10000 नगद मुर्गा एवं कई सामान गायब है।

### जहानाबाद एसपी ने की क्राइम मीटिंग

जहानाबाद। जहानाबाद एसपी दीपक रंजन ने अपराध संगोष्ठी बैठक की। जिसमें एसडीपीओ सभी थाना के थाना अध्यक्ष मौजूद रहे। एसपी ने बताया कि सभी थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग करें। सीमा क्षेत्र पर वाहन चेकिंग अभियान चलाते रहें। जो भी लंबित वारंटी है उस वारंटी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें थाना में गुंडा परेड जरूर कराएं। लंबित केसों का जल्द से जल्द निष्पादन करें।

## जहानाबाद में उधार का पैसा मांगने पर विवाद मारपीट में तीन लोग घायल

**जहानाबाद।** जहानाबाद के परस बीघा थाना क्षेत्र की कालूपुर गांव में उधारी पैसे मांगने को लेकर शुक्रवार की सुबह दो पक्षों में हुआ मारपीट जिसमें तीन लोग घायल हो गए उमेश मांझी ने बताया कि गांव में हम लोग गुमटी चलाते हैं। गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उधार सामान लिया था जब हम लोग पैसा मांगने गए तो वह आग बबूला हो गया और लाठी डंडे से हम लोगों पर हमला कर दिया। जिसके कारण जहर मांझी एवं शैलेश देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में और कई लोगों को हल्की चोट लगी है। सभी का इलाज कराया जा रहा है उमेश मांझी का कहना है कि उधार का पैसा मांगने को लेकर यह विवाद हुआ है।

## अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, दोनों के चालक फरार

**औरंगाबाद।** अवैध खनन मामले में दो बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है। यह कार्रवाई गोह एवं बारूण थाना की पुलिस द्वारा की गई। जबकि दोनों चालक मौके से फरार हो गए। मामले में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्षों की माने तो इस संदर्भ में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध न सिर्फ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शराब के नशे में झूम रहे नवीनगर अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू है, वहीं जिनके जिम्मे कानून को पालन कराने की जिम्मेदारी है, वही शराब पी रहा है। ऐसा ही एक मामला औरंगाबाद के नवीनगर थाना क्षेत्र से आया है। यहां नवीनगर अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित बड़ा बाबू जहानाबाद ज़िले के मखदुमपुर के बंदेया गांव निवासी सदानंद वर्मा हैं। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे के निर्देश पर एसआई राजीव कुमार एवं सशस्त्र बलों द्वारा की गई। बताया जाता है बड़ा बाबू शराब के नशे में झूम रहे थे। शराबबंदी कानून को ठेंगा दिखाते जमकर पैग मारा था। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे में झूम रहे बड़ा बाबू को गिरफ्तार कर लिया।

## शिक्षा विभाग के सचिव ने स्कूल और कॉलेजों का किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

शिक्षा विभाग पटना के सचिव बैधनाथ यादव आज औरंगाबाद पहुंचे और जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय सहित शिक्षण संस्थानों का औचक निरिक्षण किया। जहां उन्होंने छात्रों की उपस्थिति, लैब, क्लास रूम, शौचालय के हालात का जायजा लिया। जरूरी निर्देश देते हुऐ तुरंत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। सचिव के आगमन पर ज़िला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह ने उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम सचिव ने दाउदनगर स्थित उच्च विद्यालय शमशेर नगर का निरीक्षण किया और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। इस दौरान कई ऐसे बच्चे थे जिनके पास पुस्तके नही थी, उन्हें पुस्तकों के महत्व के बारे में समझाया और पुस्तक के साथ विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में सचिव ने बालिका उच्च विद्यालय दाउदनगर, बालिका महाविद्यालय दाउदनगर, राम लखन सिंह यादव कॉलेज औरंगाबाद, पीटीईसी शाहपुर औरंगाबाद एवं किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय औरंगाबाद का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान कमरे, लैब एवं पुस्तकालय आदि का जायजा लिया गया और संबंधित प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं बच्चों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया।

## एक नजर

### मामा से मिलने आये दिल्ली के युवक को बेहोश कर सामान ले भागे उच्चके, तीन गिरफ्तार

**आरा।** मामा से मिलने आरा आया दिल्ली का एक युवक नशाखुरानी का शिकार हो गया। ट्रेन से उतरने के बाद स्टेशन के समीप चाय पीने के दौरान नशाखुरानी गिरोह के सदस्य उसे बेहोश कर उसका सारा सामान ले भागे। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से नशाखुरानी गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ लिया गया और सारा सामान भी बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार उचक्कों में सोनू कुमार, बबलू कुमार और सुरेंद्र चौधरी शामिल हैं। तीनों नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ के रहने वाले हैं। घटना दिल्ली के भजनपुर निवासी कामता पांडेय के पुत्र अंकित कुमार के साथ गुरुवार को हुई थी। इसे लेकर अंकित पांडेय के बयान पर नवादा थाने में तीनों उचक्कों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें कहा गया है कि वह अपने मामा हरेंद्र पांडेय से मिलने गुरुवार को आरा आ रहा था। ट्रेन से उतरने के बाद वह रेलवे स्टेशन के दक्षिण साइड में चाय पी रहा था। तभी तीन लड़के आ गये और उससे बातचीत करने लगे। उसी दौरान उन लड़कों द्वारा उसे कुछ सुंघा दिया गया। उससे वह बेहोश हो गया। उसके बाद तीनों लड़के उसका मोबाइल, पर्स और ट्रॉली बैग लेकर भागने लगे। तब स्थानीय लोगों द्वारा तीनों को पकड़ लिया गया और सामान बरामद कर लिया गया। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

### फसल बर्बाद करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**औरंगाबाद।** उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर गांव में खेत मे लगी फसल को नुकसान पहुंचाने के आरोप में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें गांव के ही पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। थाना में दिए गए आवेदन में हमीदनगर गांव के किसान विजय चौबे ने बताया है कि मेरा खेत में रबी की फसल लगी थी। लेकिन कुछ किसान फसल को नुकसान पहुंचाते हुए उसी खेत से साइकिल पर लादकर धान का बोरा ढो रहे थे। मना करने पर भी नहीं माने। लगातार फसल को बर्बाद करते रहे।

### बिजली बिल बकाया होने पर काटा कनेक्शन

**औरंगाबाद।** गोह में बिजली विभाग वैसे लोगों के बिजली का कनेक्शन काट रहा है जिनके पास पूर्व से बिजली का बकाया राशि लंबित है। इसी कड़ी में बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता ने छापेमारी अभियान चला कर कई लोगों को बिजली का कनेक्शन काट दिया है। बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने बताया कि चापुक गांव में बिजली का बिल बकाया होने के कारण कई लोगो का बिजली कनेक्शन काट दिया गया था, लेकिन बिना बिजली बिल जमा किए ही वे लोग कनेक्शन जोड़कर पुनः बिजली का उपयोग करने लगे। मामले में चापुक गांव के परशुराम सिंह, माता रानी, देवेंद्र पासवान, संदीप कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### जिला जज सहित अन्य न्यायाधीश सम्मानित




**औरंगाबाद।** स्थानांतरण पर जिला विधिज्ञ संघ में सिविल कोर्ट के जिला जज सम्पूणानंद तिवारी, एडीजे तीन सह एमपी एम एल कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश प्रणव शंकर एवं पॉक्सों कोर्ट के न्यायाधीश एडीजे मितु सिंह को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। मौके पर स्थानांतरित न्यायाधीशों को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर सभी ने न्यायाधीशों के स्थानांतरण पर गम का इजहार किया। वक्ताओं ने कहा कि वे एक अच्छे न्यायिक पदाधिकारियों के साथ अभिभावक के स्वरुप थे। उनके कार्यकाल में लोगों को त्वरित व निष्पक्ष न्याय मिलता रहा। स्थानांतरित न्यायाधीशों ने इस सम्मान के लिए सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अगर कार्यकाल के दौरान उनके चलते किसी को कोई ठेस पहुंची हो तो वे इसके लिए श्रमापार्थी हैं। इस अवसर पर एडीजे प्रथम पंकज मिश्रा, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, महासचिव नागेंद्र सिंह, वरीय अधिवक्ता रामकिशोर शर्मा, योगेन्द्र प्रसाद योगी, प्रमोद कुमार सिंह, अनूप कुमार सिंह महेंद्र कुमार मिश्र अकमल हसन, शिवलाल मेहता, कमला प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

### पेट दर्द के बाद कोचिंग संचालक की मौत

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कजपा के एक कोचिंग संचालक सह समाजसेवी सहदेव मेहता के 30 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार मेहता की बीमारी से शुक्रवार की शाम मौत हो गयी। समाजसेवी राहुल मौर्या ने बताया कि एक जनवरी को आलोक के पेट में अचानक दर्द उठा। इसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान लीवर में सूजन बताकर गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज हेतु पटना रेफर कर दिया। जानकारी मिली कि शुक्रवार की शाम पटना के एक निजी अस्पताल में ही आलोक की मौत हो गई। आलोक की मौत की खबर सुनते ही परिजन चीत्कार उठे। आलोक कोचिंग संचालक के साथ-साथ समाजसेवी भी थे। किसी भी सामाजिक कार्यों में वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके दौस्त सोनू वर्मा, प्रिंस कुमार, दीप नारायण सिंह, सोनू कुशवाहा शोक व्यक्त किया है।






# डकैती के एक मामले में 30 वर्ष बाद आया फैसला, नौ अभियुक्तों को सजा

♦ कोर्ट ने सभी अभियुक्तों पर लगाया गया 10-10 हजार का जुर्माना, 17 अगस्त 1993 की रात तिलक राय के हाता में हुई थी भीषण डकैती

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ विजेंद्र कुमार की अदालत ने 30 वर्ष पुराने डकैती के एक मामले में सजा सुनाते हुए कुल 9 अभियुक्तों को



आजीवन कारावास के साथ ही 10-10 हजार रूपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ेगा।

मामला सिमरी थाना क्षेत्र के तिलक राय के हाता गांव का है। जहां 17 अगस्त की रात बुधन यादव के घर 9 की संख्या में हथियारबंद डकैतों ने धावा बोल दिया था तथा भीषण लूटपाट मचाई थी। वही विरोध करने पर बुधन के दो परिजनों सरल यादव व रामजन्म यादव को गोली मार जख्मी कर दिया था। पीड़ित ने इस मामले में सिमरी थाने में एफआईआर दर्ज कराया था। जिससें कुल 11 गवाहों की गवाही तथा पुलिस द्वारा अनुसंधान के दौरान जो साक्ष्य कोर्ट को समर्पित किया गया था उसके आधार पर कोर्ट ने 22 दिसंबर को ही सभी अभियुक्तों को दोषी करार दे दिया था। जबकि शुक्रवार को इस मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। जिसमें उसी गांव के रहने वाला वाले बिहारी अहीर, लालू अहीर, शिवसागर अहीर, मंगल अहीर, बागेसर अहीर, विजय यादव, गंगासागर, बड़क यादव एवं रघुवर यादव को आजीवन कारावास के साथ 10-10 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया गया है, जिसे नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त जेल में बिताने होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि लंबी गवाही तथा मजबूत साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 395 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके प्रावधानों के तहत ही कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाया है।

## एक नजर

### बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड, नहीं हुए सूर्य के दर्शन

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल के इलाके में ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को मौसम बदलने से पूरे दिन बादल छाए रहे। वहीं दोपहर में हुई हल्की बूंदाबांदी ने मौसम का मिजाज और बदल दिया। कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण इलाके का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस था जबकि अधिकतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। पूरे दिन लोग घरों में दुबके रहे। सड़को पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। बढ़ती ठंड में सबसे अधिक गरीब परेशान हैं जिनके पास न तो ढंग के पहनने के लिए गर्म वस्त्र हैं और न ही जलावन के लिए लकड़ी। उनकी आंखें शहर के स्वयंसेवी संस्थाओं पर टिकी है, जो उनके बीच कंबल का वितरण करते है। वहीं करीब एक सप्ताह से ट्रेनों के रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया है। कई ट्रेनें दो से पांच घंटे तक के विलंब से चल रही है, जिससे रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पर रहा है। अप लाइन में श्रमजीवी एक्सप्रेस करीब डेढ़ घंटा, विभूति एक्सप्रेस करीब दो घंटा, पंजाब मेल करीब डेढ़ घंटा तो डाउन लाइन में मगध एक्सप्रेस करीब ढाई घंटा, पंजाब मेल करीब तीन घंटा सहित कई अन्य ट्रेनों के काफी विलंब से चलने की जानकारी मिल रही है।

### महाराजा बहादूर स्व. कमल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनी, राज परिवार ने बांटा कंबल



**डुमरांव।** शुक्रवार को डुमरांव राज घराने के महाराजा बहादुर स्व. कमल बहादूर सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर इलाके के 151 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम बड़ा बाग परिसर में आयोजित किया गया था। जिसका नेतृत्व राज परिवार के महाराज चंद्रविजय सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने स्व. महाराजा बहादूर को याद करते हुए कहा कि वे आजीवन समाज की भलाई के लिए काम करते रहे। डुमरांव सूत मिल की स्थापना हो या फिर स्कूल, कॉलेज, अस्पताल बनवाना। आम जनता की भलाई, रोजगार तथा पढ़ाई के प्रति वे हमेशा तत्पर रहते थे। पूरा परिवार उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करता है। युवराज शिवांग विजय सिंह ने कहा कि लंबे समय तक मुझे उनका सानिध्य मिला है तथा उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने कहा कि वे कर्तव्यनिष्ठ व दयावान थे। क्षेत्र में लोगों को शिक्षा का अलख जगाने तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ ही रोजगार देने के प्रति भी तत्पर रहते थे। इस मौके पर राजपरिवार की महारानी कनिका सिंह एवं समृद्ध विजय सिंह ने भी अपने हाथों कंबल वितरित किया। मौके पर अंबरीश पाठक समेत दर्जनो गणमान्य व सैकड़ो जरूरतमंद मौजूद थे।

### जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव, 13 सदस्यों ने जताई सहमति

**बक्सर।** बक्सर जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती के चक्की जिला परिषद सदस्य सरोज देवी के नेतृत्व में 13 सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इस अविश्वास प्रस्ताव की कॉपी जिप कार्यालय के साथ ही डीडीसी व डीएम कार्यालय को भी भेजी गई है। जिसमें जिप अध्यक्ष विद्याभारती पर मनमानी करने तथा विकास कार्यों में भेदभाव समेत कई आरोप लगाए गए है। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाली सरोज देवी ने कहा कि विद्या भारती को हमलोगों ने इसलिए अध्यक्ष बनाया था कि वो एक शिक्षित महिला है। लेकिन उनके मुखिया पति द्वारा जिला परिषद के विकास एवं प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप किया जाता है, इस कारण सदस्य उनसे असन्तुष्ट हैं। सरोज देवी ने बताया कि वे जिला परिषद की सामान्य बैठक तीन महीने के बदले छह-छह महीने पर कराती है। अविश्वास पर समर्थन जताने वाले जिप सदस्यों में नीलम देवी, आरती देवी, सहाना खातून, ममता कुमारी, गायत्री देवी, सुनैना देवी, केदार सिंह, राजीव कुमार, मो. अरमान, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, अशोक राम आदि शामिल है।

## खबरें फटाफट

### जमीन विवाद में पिता पुत्र की पिटाई

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव में जमीन विवाद में एक पिता पुत्र की पिटाई का मामला सामने आया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार परमानपुर के दयाशंकर पांडेय उर्फ बबुआ पांडेय ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वे अपने खेत में गेहूं की बुआई करने पहुंचे तो देखा कि उनका पड़ोसी कन्हैया पांडेय इनके खेत में गेहूं की बुआई कर रहा है। मना किया तो गाली देते हुए मुझे मारने लगा। शोरगुल सुन मेरे पिता शिव कुमार पांडेय बीच बचाव करने आए तो कन्हैया ने उनकी भी पिटाई कर दी तथा उनके पॉकेट से दस हजार रूपए नगद तथा घड़ी छीन ली।

### सेवानिवृत शिक्षकों ने मांगों को लेकर डीईओ ऑफिस घेरा

**बक्सर।** कार्यक्रम अधिकारी स्थापना मोहम्मद सारीक अशरफ की मनमानी और बुजुर्ग शिक्षकों को प्रताडित किए जाने के विरोध में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का घेराव शुक्रवार को सेवानिवृत शिक्षकों द्वारा किया गया। इसमें महिला शिक्षिका भी शामिल रहीं। सेवानिवृत शिक्षकों ने बताया कि पिछले वर्ष 2 मई 2023 को 117 सेवानिवृत शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिका वेतन निर्धारण हेतु जमा किया गया था। अपनी मांगों को लेकर शिक्षकों का एक शिष्टमंडल एडीएम से मिला। जिसके बाद एडीएम ने डीपीओ स्थापना से इस संबंध में बात की तो शीघ्र कार्य कर देने की बात कही थी, पर कुछ नहीं हुआ।

## बक्सर में शुरू हुआ विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, डीएम ने किया उद्घाटन

# अब अनाथ व परित्यक्त बच्चों को मिलेगा आश्रय, दत्तक पुत्र गोद ले सकेंगे दंपति





**केटी न्यूज/बक्सर**

बेसहारा, अनाथ व परित्यक्त बच्चों की अब बक्सर में न सिर्फ बेहतर परवरिश होगी बल्कि उन्हें दत्तक लेने वाले माता पिता का मजबूत आश्रय भी मिलेगा। शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने विशिष्ट दतक ग्रहण संस्थान का उदघाटन किया। यह संस्थान किशोर न्याय अधिनियम 2015 ( संशोधित 2021) और दतक ग्रहण विनियमन 2017 ( संशोधित 2022) के तहत गैर संस्थागत देखभाल अंतर्गत 0-6 आयु वर्ग के वैसे अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बच्चें जो अपने माता-पिता से स्थायी रूप से अलग है, वैसे सभी बालकों का दतक ग्रहण की प्रक्रिया के माध्यम से दत्तक माता पिता को कानूनी रूप से सौंपा जाएगा।

वैसे अनाथ और परित्यक्त बच्चें जो जिला के बाहर आवासित है, उन्हें तत्काल अब बक्सर लाया जाएगा तथा दत्तक पुत्र या पुत्री गोद लेने की इच्छा रखने वालों को कानूनी प्रक्रिया के तहत सौंपा जाएगा। वही बक्सर के विभिन्न जगहों पर मिली कुल आठ बालिकाओं का संरक्षण भी यहां शुरू कर दिया जाएगा। इस विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में मनोरंजन एवं खेल कक्ष (पूर्व प्राथमिक शिक्षा), चिकित्सकीय देखभाल कक्ष, रसोई कक्ष, भंडार कक्ष, प्रसाधन, चलने एवं खेलने के लिए खुली जगह आदि की व्यवस्था की गई है। संस्थान का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया जा रहा है। इसके संचालन के लिए समन्वयक, सामाजिक कार्यकर्ता, अंशकालिक चिकित्सक, नर्स, छह आया, चौकीदार आदि की नियुक्ति की जाएगी। डीएम ने तत्काल शिशु विशेषज्ञ, पारामेडिकल, महिला गृह रक्षक बल की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया है।

### निर्धारित मानकों को पूरा करने वालों को ही मिलेगा गोद

गोद लेने के इच्छुक दतक ग्रहण अभिभावक द्वारा केयरिंगस वेबसाईट पर पहचान पत्र के साथ निबंधन किया जाना है तथा दतक ग्रहण के लिए आवश्यक दस्तावेजों को 30 दिनों के अंदर केयरिंगस पर अपलोड करेंगे। गृह अध्ययन रिपोर्ट, प्रतीक्षा सूची, मिलान प्रक्रिया, बच्चे का आरक्षण, स्वीकृति, याचिका और भावी दतक माता पिता के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से द्दढता, वितीय सक्षमता एवं दतक ग्रहण प्रेरणा, गंभीर बीमारियों से अरूग्णता के आधार पर उन्हें बच्चे को गोद दिया जाएगा।

### विकास कार्यों व स्वच्छता अभियान में आगे है डुमरांव प्रखंड: डीएम

**डुमरांव।** शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने प्रखंड के मुंगाव पंचायत में कचरा प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विकास कार्यों तथा स्वच्छता अभियान में डुमरांव प्रखंड जिले के अन्य प्रखंडो से आगे है। उन्होंने पंचायत मुखिया इंद्रजीत राय उर्फ इंदल सिंह की सराहना करते हुए कहा कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी का समन्वय होना जरूरी है। इस पंचायत के मुखिया ने अधिकारियों से साथ बेहतर समन्वय कर अपने पंचायत का चहुंमुखी विकास किया है।

डीएम ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के दूसरे फेज में अब शहरों के बाद गांवों में भी डोर टू डोर कचरा का उठाव किया जा रहा है। इसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रह है। अब हमारे गांव स्वच्छ व सुंदर दिखाई पड़ रहे है। उन्होंने ग्रामीणों से कूड़ा का उठाव करने आने वाले स्वच्छता कर्मियों से सम्मानजनक व्यवहार करने तथा यूजर चार्ज निश्चित रूप से देने की अपील की। ताकि स्वच्छता अभियान का लाभ लोगों को मिलता रहे। उन्होंने जिले का पहला प्लास्टिक कचरा प्रसंस्करण इकाई का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायत सरकार भवन का हुआ तेजी से निर्माण पार्क तथा ओपन जिम के अलावे कई बेहतर कार्य इस पंचायत में आदर्श के रूप में स्थापित है। वही डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने कहा कि जिले का यह 100वां कचरा प्रसंस्करण इकाई है। 26 जनवरी को करीब 20 कचरा प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन होगा। इस मौके पर नौ प्रखंडों के कुल 32 कचरा प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को डीआरडीए डायरेक्टर बैजनाथ पासवान ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व मुखिया इंदल सिंह ने आगत अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। मुखिया ने कहा कि अपने पंचायत को राज्य का मॉडल पंचायत बनाना उनका लक्ष्य है। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार पंकज, बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, जिला स्वच्छता समन्वयक प्रदीप कुमार, सीओ अंकिता सिंह, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, कनझरूआ पंचायत के मुखिया असगर अली, चिलहरी के राजू राय समेत कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शॉर्ट सर्किट से बक्सर नगर थाने में लगी आग, 10 बाइक जलकर राख

## फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार की दोपहर अचानक नगर थाना परिसर के एक हिस्से में आग लग गई। आग की लपटें उठता देख पुलिस कर्मियों के बीच अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं मुख्य पथ से गुजरने वाले राहगीर भी सहम उठे। कई वाहन चालक अपना वाहन लेकर भाग खड़े हुए। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड का वाहन वहां पहुंचा तथा आग को बुझा इसे विकराल होने से बचाया। इस दौरान थाना परिसर में विभिन्न मामलों में जब्त किए गए 10 बाइक तथा इंस्पेक्टर रूम का पर्दा जल गया।

बताया जाता है कि नगर थाने से सटा बिजली कंपनी का एक ट्रांसफार्मर है। दोपहर में अचानक उक्त ट्रांसफार्मर में सॉर्ट सर्किट हो गई। जिससे निकली चिंगारी से थाना परिसर में रखे बाइक में आग पकड़ लिया। देखते ही देखते आग का दायरा बढ़ते गया तथा कुल 10 बाइक को अपने जद में ले लिया। हालांकि मौके पर पहुंच अग्निशामन विभाग ने इसे विकराल होने से बचा पुलिसकर्मियों को बड़ी राहत पहुंचाई। आग पर काबू पाए जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। इस संबंध में सदर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से ही थाना परिसर में अगलगी की घटना हुई है। इसमें थाने में रखी बाइक जल गई हैं।

# डुमरांव में पुलिस ने रात्रि गश्त किया सख्त

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिला पुलिस मुख्यालय ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए विशेष रात्रि गश्ती अभियान चलाने का निर्देश दिया है, जिसको लेकर डुमरांव अनुमंडल पुलिस की टीम एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग की और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



इस दौरान पुलिस ने गश्त के दौरान अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए वाहनों की चेकिंग, संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, बाजार, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे स्टेशन, सरकारी व निजी अस्पताल सहित होटल, रेस्टोरेंट, बैंक व एटीएम के आसपास की चेकिंग कर विधि सम्मत कार्रवाई की। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने रात्रि गश्ती का औचक निरीक्षण कर पुलिस-पदाधिकारियों के साथ कई घंटों तक काफी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे और गश्ती के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही नही बरतने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने और वांछित अपराधियों की धर-पकड़ के लिए इस तरह के अभियान चला रही है।

उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे बिना किसी डर के किसी भी समय पुलिस से मदद लेने के लिए थाने व चौकी में जा सकते हैं और जरूरत पड़ने पर पुलिस कंट्रोल रूम या फिर डायल 112 पर भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की रोकथाम को लेकर यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। पुलिस यातायात नियमो के तहत वाहनों का परिचालन करने की हिदायत दे रही है। चेकिंग के दौरान अपराधी, शराब तस्कर, फरार वारंटियों पर पुलिस की विशेष नजर है।







## बक्सर के अहिरौली स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया बूथ जीतो, चुनाव जीतो का संकल्प

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को बक्सर भाजपा के जिला कार्यसमिति की एक बैठक अहिरौली स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने तथा संचालन महामंत्री निर्भय राय ने किया। बैठक में कार्यकताओं ने बूथ जीतो चुनाव जीतो का संकल्प दुहराया। तय किया गया कि प्रदेश के निदेर्शानुसार सभी मंडलों की बैठक 10 जनवरी तक संपन्न कराई जाएगी। जिसमें मंडल प्रभारी के साथ-साथ लोकसभा कोर



कमेटी के एक सदस्य भाग लेंगे। वही शक्ति केंद्र की बैठक 15 जनवरी तक करने के लिए तिथि, स्थान एवं समय निर्धारित किया गया।

बैठक में 20 जनवरी तक जिले के सभी बूथ समिति की बैठक संपन्न कराने पर चर्चा हुई। मौके पर उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष सह शाहाबाद के क्षेत्रीय प्रभारी शंभू सिद्धार्थ ने बिहार प्रदेश के तरफ से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संयोजक के तौर पर बताया कि प्रत्येक विधानसभा में हाथ से काम करने वाले 2500 कामगरों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराया जाएगा। शाहाबाद के क्षेत्रीय प्रभारी अशोक भट्ट ने कहा कि वैसे गरीब जिन्हें 2011 के आर्थिक जनगणना के आधार पर राशन कार्ड मिला है, उन्हें हर हाल में अपने पार्टी के कार्यकर्ता आयुष्मान कार्ड बनवाने में उनकी मदद करें। बैठक में जिले के संपन्न एवं आगामी कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला प्रभारी संतोष पटेल ने सभी मंडल अध्यक्षों को बूथ मजबूत करने के लिए सूत्र दिया, ताकि हमारी बूथ जीतो, चुनाव जीतो की नीति सफल हो सके तथा 2024 के चुनाव में भाजपा के 400 पर के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। बैठक में ओमप्रकाश भुवन, पंचायती राज संयोजक, अनिल स्वामी, लोकसभा प्रभारी, राजवंश सिंह, लोकसभा संयोजक सिद्धनाथ सिंह, कतवारू सिंह, धनंजय राय, हिमांशु चतुवेर्दी, नन्दजी सिंह व अन्य मौजूद थे।

# ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बोले, भारत के विकास की गारंटी है मोदी की गारंटी

**केटी न्यूज/मऊ**

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा मऊ के कोपागंज स्थिति शिव मंदिर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य गरीबों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना और उन्हें इन योजनाओं का लाभ भी

♦ कल्याणकारी योजनाएं विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जन-जन पहुंचे

दिलाना है। इस संकल्प यात्रा के तहत गांव-नगरों में पहुंच रही मोदी की गारंटी वैन देश के हर नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का वाहक बन गई है। अब तक देश के विभिन्न हिस्सों गांव-गांव, शहर-शहर में करोड़ों लोगों को इस यात्रा के माध्यम से जोड़ा गया और पात्रों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार और प्रदेश के



प्रशासन दोनों का एक ही मकसद है कि गरीब, निर्बल लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाया जा सके। और जिन्हें लाभ नहीं मिला है, उन्हें भी लाभ दिलाने के लिए इस विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत पीएम ने की है। हमारे बीच में बहुत ऐसे भाई-बहन मौजूद हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है, वहीं कुछ ऐसे भी भाई-बहन हैं, जिनको आज इस योजना का लाभ दिलाने के लिये हमारे अधिकारी लगातार पंजीकरण कराने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत कोपागंज में 1411 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें 1363 मकान पूर्ण हो चुके हैं और वहीं 48 मकान निमार्णाधीन हैं। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ऐसे परिवार जिनके पास मकान नहीं था, जिनके सिर पर छत नहीं थी, उन्हें बुलाकर चाभी और प्रमाण पत्र दिया जा रहा। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आप सभी को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए आयुष्मान कार्ड दे रही है। वहीं, निराश्रित महिला और विधवा पेंशन देने का लाभ दिया जा रहा है। कि पीएम मोदी के संकल्प व प्रेरणा से वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने तथा सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से युक्त करने के लिए केंद्र सरकार के साथ प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही और मोदी जी के संकल्प सबका साथ, सबका विकास के साथ कल्याणकारी योजनाओं को गरीबों,वंचितों, महिलाओं, असहायों, किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा। इसी संकल्प की पूर्ति हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है।

## एक नजर

### मनोज बने राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम के कोच

**चंदौली।** बाल्मीकि इंटर कॉलेज के क्रीड़ा अध्यक्ष (शारीरिक शिक्षक) मनोज कुमार सिंह को राष्ट्रीय बास्केट बॉल टीम के कोच बनाया गया है। छह से 11 जनवरी के बीच उक्त खेल का आयोजन होगा। बलुआ स्थित वाल्मीकि इंटर कालेज में मनोज कुमार सिंह शारीरिक शिक्षक हैं। पटियाला रवाना होने से पूर्व मनोज सिंह ने बताया कि छह से 11 जनवरी के बीच राष्ट्रीय विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता अंडर-19 छात्र का आयोजन पटियाला पंजाब में आयोजित होना है। जिसके लिए पटियाला पंजाब के लिए उत्तर प्रदेश छात्र अंडर 19 की टीम प्रस्थान हो गई है। इस बार की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी जो पहले से ही नेशनल खेल चुके हैं।

### राष्ट्रवाद को समर्पित था कल्याण सिंह का जीवन

**चंदौली।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय में हुई। इसमें राम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नायक,राष्ट्रवादी चिंतक वंचितों व शोषितों के प्रेरणा स्त्रोत, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जयंती मनाई गई। साथ ही कार्यकताओं ने कल्याण सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष काशी नाथ सिंह ने कहा कि कल्याण सिंह का जन्म 5 जनवरी 1932 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। कल्याण सिंह कार्यकताओं की बहुत ही प्रिय थे। आज हम सभी को उनके आदर्शों पर ही चलकर भाजपा को मजबूत करने की जरूरत है। इस दौरान उमाशंकर सिंह, शिवराज सिंह, मनीष मिश्रा, जैनेंद्र कुमार राम,, सुंदर चौहान,किरण शर्मा, राकेश मिश्रा, हृदय तिवारी, जैनेंद्र दुबे, सरजू सिंह, राकेश कन्नौजिया, कुन्दन सिंह,सतीश दुबे उपस्थित थे।

### मॉक ड्रिल कर ग्रामीणों को किया जागरूक

**चंदौली।** इंडियन आयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के पाइपलाइन विभाग, अग्निशमन दल, म्युचुअल एंड पार्टनर्स एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने व ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पाइपलाइन से लीक एवं फायर मॉक ड्रिल का आयोजन शुक्रवार को नसीरपुर पट्टन गांव के समीप किया गया। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन कर मॉक ड्रिल के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। क्षेत्र के नसीरपुर पट्टन गॉव से गुजरी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (पेट्रोलियम कंपनी) के भूमिगत बरौनी-कानपुर पाइपलाइन की उपस्थिति से लोगों से अवगत कराने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। डेमो के तौर पर पहले इंडियल आयल की टीम ने पूरा सेटअप लगाया। जिसके बाद आग लगाई गयी। वहीं आस पास मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय कोतवाली अलीनगर थाना में दी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी, एस आई ताराचंद सिंह,फायर ब्रिगेड टीम से मुन्नीलाल, सुरक्षा कोर कमेटी से विजय गुप्ता, विजय श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान निरंजन यादव, लालजी,अवधेश कुमार सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी संबंधित विभाग से उपस्थित रहे।

### घर पर जाकर सपा की नीतियों को बताएं

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें सपा चली बूथ की ओर के तर्ज पर कार्यकताओं से काम करने की अपील की गई। वहीं संगठन के लोग गांव-गांव सपा के कार्यकाल में हुए कार्यों व नीतियों को बताने का काम करें। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रामकिशन यादव ने कहा कि कार्यकताओं को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की जरूरत है। भाजपा झूठे वादे कर जनता को बरगलाने का काम कर रही है। लेकिन कार्यकताओं को गांव-गांव घर-घर जाकर सपा कार्यकाल में हुए कार्यों व नीतियों को बिना भेदभाव के बताने की जरूरत है। एक-एक वोट का बहुत बड़ा महत्व है। इस मौके बाबूलाल यादव, तस्लीम अंसारी, सुदामा यादव, डॉ वीरेंद्र बिन्द, विकास चौबे, प्रेम तिवारी, सोनू चौहान, राजकुमार कनौजिया, पारस यादव, अशोक यादव, चंद्रभानु यादव, मुसाफिर चौहान, नफीस अहमद गुड्डू, अमरनाथ जयसवाल, विजय धुरिया, मोहम्मद यासीन, स्वदेशी गुप्ता, औसाफ अहमद, डीएन यादव आदि उपस्थित रहे।

### गरीब की बेटियों की शादी के लिए मिलेगा अनुदान

**गाजीपुर।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछड़ी जाति के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी अनुदान योजना ऑनलाइन कम्प्यूटराइज्ड संचालित की जा रही है। जिसमें शादी अनुदान योजना में लाभार्थी के बेटी की शादी के लिए धनराशि 20,000 रुपये का अनुदान विभाग द्वारा वितरित किया जाता है। अन्य पिछड़े वर्ग(अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों का शादी अनुदान योजनान्तर्गत शहरी आवेदक की वार्षिक आय 56460.00 (शहरी क्षेत्र) एवं ग्रामीण क्षेत्र में 46080.00 निर्धारित किया गया है। अनुदान के लिए आवेदन पत्र में पुत्री की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक 21 वर्ष आयु या उससे अधिक होनी चाहिए। आवेदक शादी अनुदान पोर्टल पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू कर दें। आवेदन करने वाले आवेदक एवं पुत्री दोनों का आधार आधारित ई-केवाईसी सुनिश्चित किया जाना है।

## खबरें फटाफट

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**बलिया।** बांसडीहरोड की पुलिस ने शुक्रवार को चिरैयाबाबा पोखरा मोंड़ के पास से पॉक्सो एक्ट का वांछित को गिरफ्तार किया। जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के लिए चालान कर दिया। पुलिस की मानें तो थाने के उपनिरीक्षक मुन्ना लाल यादव अपने हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में थाने में दर्ज वांछित अभियुक्त चिरैयाबाबा पोखरा मोंड़ के पास खड़ा है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वांछित अभियुक्त हीरा बिन्द पुत्र नन्दलाल बिन्द निवासी डुमरी, थाना बांसडीहरोड को गिरफ्तार किया।

### युवक को चाकू से मारकर किया घायल

**बलिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के राघव सिंह के डेरा के पास बैरिया जा रहे युवक को शुक्रवार को बदमाश ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर तब तक चाकू से वार करता रहा, जब तक युवक लहूलुहान होकर जमीन पर नहीं गिर गया। बता दें कि दोकटी थाना क्षेत्र के कर्णछपरा गांव निवासी संजय सिंह सिंह उर्फ मोनू (34) शुक्रवार को घर से बैरिया जा रहे थे। जैसे ही वह बैरिया थाना क्षेत्र के राघव सिंह के डेरा के पास पहुँचे की पहले से घात लगाए बदमाश ने ताबड़तोड़ चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस बाबत बैरिया एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### ईवीएम बंद नहीं हुआ तो बूथ पर तोड़ेंगे: मौर्य

**गाजीपुर।** जखनियां तहसील में भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी ने ईवीएम के विरोध में 20 सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित नायब तहसीलदार विवेकानंद सिंह को सौंपा और जमकर नारे लगाए। इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष छागुर प्रसाद मौर्य ने कहा कि ईवीएम सारे चुनाव में बंद करके वैलेट पेपर से कराया जाए, जो ईवीएम के समर्थन में खड़ा होगा। उसका हम लोग विरोध करेंगे और आने वाले लोकसभा चुनाव में देश के अंदर हर बूथों पर ईवीएम का तोड़फोड़ करेंगे। इस मौके राम दुलार, राम बदन, आशीष कुमार,राम अवध,वीर दयाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### समय पर इलाज ही है कुष्ठ रोग से बचाव

**गाजीपुर।** कुष्ठ एक संक्रामक रोग है। यह ह्यमाइकोबैक्टीरियम लेप्रेह्र नामक जीवाणु के कारण होता है, जो एक एसिड-फास्ट रॉड के आकार का बेसिलस है। यह त्वचा के अल्सर, तंत्रिका क्षति और मांसपेशियों को कमजोर करता है। कुष्ठ रोग में त्वचा पर हल्के रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। धब्बे संवेदना रहित होते हैं और रोग की शुरूआत बहुत धीमी गति व शांति से होती है। यह तंत्रिकाओं, त्वचा और आंखों को प्रभावित करता है। इलाज नहीं किया जाए, तो यह गंभीर विकृति और दिव्यांगता का कारण बन सकता है।

## चंदौली जिले का मामला, स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

# डेढ़ावल पुलिस चौकी से चंद कदम दूर मिला राजमिस्त्री का शव, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/चंदौली**

कोतवाली अंर्तगत डेढ़ावल चौकी से चंद दूरी पर अंग्रेजी शराब दुकान के पास शुक्रवार को सुबह 50 वर्षीय तेन्दुईपुर गांव निवासी राजमिस्त्री दिनेश चौहान की शव मिलने की सूचना पर खलबली मच गयी। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी।

मृतक राजमिस्त्री डेढ़ावल में छत का सिलाप ढ़लाई के लिये सुबह घर से साइकिल से गया हुआ था। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस की कार्य प्रणाली पर नाराजगी जताया है। तेन्दुईपुर गांव के अर्जुन चौहान के तीन पुत्र दिनेश चौहान, दिलीप चौहान, कुंजन चौहान है। 50 वर्षीय दिनेश चौहान राजमिस्त्री है। गुरूवार को सुबह डेढ़ावल के समीप छत की ढलाई के लिए गया हुआ था। देर रात तक वापस नहीं आने पर परिजन तलाश करने में लगे रहे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह डेढ़ावल पुलिस चौकी के समीप शराब दुकान के पास शव मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन मौके पर



पहुंचे सड़क के किनारे शव देख दहाड़ मारकर रोने लगे, जबकि चंद दूरी पर डेढ़ावल पुलिस चौकी है। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। घटना के बाद पत्नी मुन्नी देवी,बेटा प्रदीप पुत्री आरती सहित परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।

इस बाबत कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर शव का पीएम कराया जा रहा है। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया है। गश्त में होती पुलिस तो बच जाती राज मिस्त्री की जान डेढ़ावल पुलिस चौकी से चंद दूरी पर अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान है। दुकान के पास सड़क के किनारे राजमिस्त्री का शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ था। ग्रामीणो का आरोप है कि काश रात में पुलिस गश्त पर रहती तो राज मिस्त्री को सकुशल उठाकर हास्पीटल पहुंचा देता तो जान बच जाती। पूरी रात ठंड में होने के कारण मौत हो गयी। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस का वाहन रात्रि गश्त नहीं करता है। पुलिस अपने कार्य में लापरवाही बरत रही है। जिससे आये दिन घटनाएं हो रही है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**केटी न्यूज/चंदौली**

नगर के सकलडीहा रोड के रेलवे ब्रिज के पास गुरुवार की देर रातसड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। उक्त बाइक सवार को आसपास के लोगों ने पुलिस लाइन के समीप एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जैसे इसकी जानकारी परिजनों को भी उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के बाद मौके पहुंची शुक्रवार को पुलिस ने निजी चिकित्सालय से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और आगे कार्रवाई में जुड़ गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहाबगंज थाना क्षेत्र के एकौना का निवासी प्रदीप कुमार मौर्य 29 वर्ष मुख्यालय स्थित बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन के पद पर कर रहा था। सकलडीहा चंदौली रोड के लोकमान्य तिलक नगर के समीप किराए के मकान पर निवास करता था। कार्यालय में देर होने के बाद अपने आवास लौट रहा था। जैसे ही ओवर ब्रिज क्रॉस कर रहा था कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर ठेले से टकरा गई। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसकी उपचार के लिए पुलिस लाइन के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसकी पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी अस्पताल कर्मियों ने संबंधित अधिकारियों और परिजनों को दी जानकारी होते हैं उन्हें कोहराम मच गया। रात्रि में ही परिजन पहुंच गए लेकिन शव को लेकर हुआ पकी स्थिति रही लेकिन मौके पहुंची पुलिस ने शुक्रवार की सुबह सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। सीओ सीओ सदर राजेश राय ने कहा कि सड़क दुर्घटना में युवक की नगर में मौत हो गई।

## केंद्र सरकार के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास




**केटी न्यूज/ चंदौली**

केंद्र सरकार की बढ़ती तानाशाही और सांसद संजय सिंह के फर्जी गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने सदर तहसील स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी पार्क में उपवास रखकर विरोध जताया। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर जमकर भड़ास निकाली। साथ ही सांसद संजय सिंह की रिहाई की मांग किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि पार्टी का ग्राफ विगत दस वर्षों में बहुत तेजी से बढा है। इन दस सालों में पार्टी की दो-दो राज्यों में सरकार बनी है। भाजपा के गढ़ गुजरात में भी 14 प्रतिशत वोट और पांच विधानसभा सीटें एवं गोवा में भी दो विधानसभा सीटें प्राप्त कर चुकी है। क्योंकि पार्टी जनता के मुद्दों पर काम करती है। इससे केंद्र सरकार को पार्टी से डर लगने लगा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी पार्टी के नेताओं की फर्जी गिरफ्तारी करवाकर जेल में डाल रहे हैं।

## संघर्ष और दूसरों के लिए जीने वाले का नाम था राज मंगल यादव : शमीम खान

**केटी न्यूज/ बलिया**

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सपा के दिवंगत जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव व सपा के दिवंगत जिला सचिव राजेंद्र पांडेय की स्मृति में जिला पंचायत कार्यालय परिसर में शुक्रवार की दोपहर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि स्वर्गीय राज मंगल यादव जी हमारे मित्र थे, छोटे और बड़ों का सम्मान करने वाले थे, अपने संघर्ष के दम पर विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने दल का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कभी भी अपने जीवन जीने का प्रयास नहीं किया था। बल्कि समाज के लिए और दूसरों के लिए जीने का प्रयास किया था। तभी वह आज सभी के दिलों में जिंदा है।



स्वर्गीय राज मंगल यादव बड़ी बातें करने में नहीं, बड़े काम करने में विश्वास रखते थे और उनका लोहा पूरे जनपद ने माना। आज पूरे जनपद और मैं अपनी पार्टी की तरफ से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री राम गोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, पूर्व मंत्री सनातन पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव राजीव राय, पूर्व सांसद रमाशंकर विद्यार्थी,पूर्व विधायक भगवान पाठक, पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह, जदयू के प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह, विधायक संग्राम सिंह यादव, विधायक मोहम्मद रिजवी, पूर्व विधायक सुधीर राय, प्रदेश सचिव राजन कनौजिया, अनिल राय, रविंद्र यादव, जुबेर सोनू, शोएबुल इस्लाम, महासचिव महताब आलम, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जमाल आलम सहित बड़ी तादाद में विभिन्न दलों के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव वीरलबल राम ने किया।

## जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में समस्त तहसीलों के कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में दी प्रस्तुतियां

# पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव का आयोजन

**केटी न्यूज/ मऊ**

संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की तरफ से उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 2023 के जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कम्युनिटी हाल नगर पालिका परिषद में किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस आयोजन में जनपद की समस्त तहसीलों से विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के उदघाटन के दौरान प्रशांत कुमार ने कहा कि हर स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए। तभी पुरानी संस्कृति को जिंदा रखा जा सकता है। अन्यथा कई ऐसे संस्कृति और परंपरा है जो




समय के साथ खत्म होते जा रही है। परंतु सार्थक प्रयास से इन्हें वापस लाया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के कलाकार इन्हें उभार कर विश्व के पटल पर सामने रख सकते हैं। कई ऐसी परांपराएं है जो केवल गुरु के संपर्क और रियाज के माध्यम से सामने लायी जा सकती है।

कलाकरों को अपने गुरु के सानिध्य में रहकर गुर सीखने का प्रयास करना चाहिए। संकोच से कोई भी कलाकर अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा का सामने नहीं ला सकता है। इसलिए सबसे पहले अपने अंदर के संकोच को हटना चाहिए। इस दौरान गायन,लोक नृत्य, वादन, नाट्य कला, लोक कला शास्त्रीय संगीत,सुगम संगीत सहित कला की अन्य विधाओं में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं के विजेताओं द्वारा मंडल पर आयोजित होने वाले मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता के समापन के उपरांत देर शाम तक निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न विधाओं में विजेताओं के नाम की घोषणा की जाएगी।




